50 से अधिक थी। चौथा अफसर यद्यपि कलकत्ता में ही काम करता रहा है परन्तु उसकी बदली एक आयुक्त के अधिकार क्षेत्र से दूसरे आयुक्त के अधिकार क्षेत्र में कर दी गई है।

मेसर्स ओरियंटल टिम्बर ट्रेडिंग कारपोरेशन (प्राइवेट) लिमिटेड तथा मेसर्स मैकेन्जीज लिमिटेड, बम्बई

2281. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री रामेश्वरानन्द :
श्री रघुनाथ सिंह :

क्या **वित्त मंत्री** 11 अगस्त, 1966 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2046 के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा मेसर्स ओरियंटल टिम्बर ट्रेडिंग कारपोरेशन (प्राइवेट) लिमिटेड तथा मेसर्स मैकेन्जीज लिमिटेड बम्बई को करोड़ों रुपये के ठेके दिये जाते हैं;

(ख) क्या यह भी सच है कि आयकर का अपवंचन करने के उद्देश्य से ये फर्म अपने व्यापार की कुल राशि की तुलना में बहुत कम लाभ दिखाती हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि अधिक खर्च दिखाने के लिये कर्मचारियों से कोरी रसीदों पर हस्ताक्षर करवा लिये जाते हैं, तथा बाद में उन में बड़ी-बड़ी रकमें भर दी जाती हैं और लाभ को घटाने के लिये झूठी खरीदें दिखाई जाती हैं, जिसके परिणामस्वरूप सरकार को आयकर की भारी हानि होती है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार ने इन फर्मों के काम की जांच करने के लिए क्या कार्यवाही की है?

वित्त मंत्री (श्री शचीन्द्र चौधरी) : (क) जी हां। इन दो कम्पनियों ने संयुक्त रूप से कई सरकारी संस्थाओं से ठेके लिये हैं।

(ख) अभी कर-निर्धारण की कार्यवाही पूरी होनी है, इसलिये यह कहना असामयिक होगा कि दिखाये गये लाभ बहुत कम हैं, या आयकर का अपवंचन किया गया है।

(ग) सरकार के पास कोइ सूचना नहीं हैं। कर-निर्धारण की कार्यवाही करते समय आयकर अधिकारी द्वारा इस मामले की जांच की जायेगी।

(घ) यह प्रश्न ही नहीं उठता।

दिल्ली के सरकारी अस्पतालों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों का स्थानान्तरण

2282. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री बड़े :

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में सरकारी अस्पतालों के प्रशासनिक अधिकारियों तथा तीसरी और चौथी श्रेणी के कर्मचारियों, जैसे डाक्टर तथा नर्सों का एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में स्थानान्तरण करने का निर्णय किया गया है;

(ख) यदि हां, तो इस निर्णय को कब कार्यान्वित किया जायेगा; और

(ग) यदि नहीं, तो निर्णय क्रियान्वित करने में क्या कठिनाइयां हैं ?